हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 13 जनवरी 2026

04 शहर सहित अंचल में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर...



07 संघ शताब्दी वर्ष पर समाज से पंच परिवर्तन...





## खबर संक्षेप

### कारीगरों एवं शिल्पकारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज

**सीहोर।** पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र प्राप्त कारीगरों एवं शिल्पकारों के उत्पादों को बाजार से जोड़ने और वित्तीय सहायता एवं ऋण की जानकारी प्रदान करने हेतु 13 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित डॉ आबेडकर महिला आईटीआई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी कारीगरों एवं शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षित कारीगरों एवं शिल्पकारों को उनके उत्पादों के विपणन, बाजार से सीधा जुड़ाव, ई-मार्केटप्लेस, पैकेजिंग, गुणवत्ता मानकों के साथ-साथ योजना के अंतर्गत उपलब्ध वित्तीय सहायता, ऋण सुविधा एवं बैंकिंग प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करना है।

### उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

**सीहोर।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां व इंतजाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
कलेक्टर बालागुरू के. ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर प्रस्तुत की जाने वाली अनेक विभागों की झांकी के लिए झांकी बनाने के पूर्व थीम अनुमोदित कराने के निर्देश दिए।

### श्रमोदय आवासीय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 20

**सीहोर।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 08 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 है। इसके साथ ही परीक्षा के प्रवेश पत्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल www.mpsos.nic.in से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

---

### मछली पुल से लुनिया चौराहे तक बनाई जा रही सड़क का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# मौत को दावत दे रहे बिजली के खंभों के बीच नहीं बनेगी सड़क, बिजली पोलों की पहले होगी शिफ्टींग

### बिना पोल शिफ्ट किए बिछाई जा रही थी सड़क, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने लिया 'हरिभूमि' की खबर पर संज्ञान, जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**हरिभूमि अखबार में दिनांक 15 दिसंबर 25 को प्रकाशित खबर**



जनता की उम्मीद पर लापरवाही का पहाड़, ढाई करोड़ खर्च, लेकिन बुनियादी समझ गायब

सड़क बनेगी आफतः मछलीपुल-लुनिया चौराहा मार्ग पर बारिश में डूबेंगे घर-दुकान और मंदिर

नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और मानकों को दरकिनार कर दिया गया है, जिससे आने वाले मानसून में पूरे इलाके को जलभराव का गंभीर खतरा है।

**हरिभूमि अखबार में दिनांक 25 दिसंबर 25 को प्रकाशित खबर**



करीब एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में तकनीकी घपला साफ नजर आ रहा है

पहाड़नुमा सड़कः बिना बेस तैयार हो रहा ढाई करोड़ का मार्ग, इंजीनियर का अजीब तर्क- बेस की जरूरत नहीं!

मछली पुल से लुनिया चौराहा तक लापरवाही की हद, बिजली के खंभे हटाए बिना बिछा दी सड़क, मानसून में डूबेंगे घर और मंदिर

बिजली खंभे भी नहीं हटवाए

भारी न पड़ जाए व्यस्ततम मार्ग की अनदेखी

बारिश में जलमग्न होगा पूरा इलाका

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क को असामान्य रूप से ऊंचा करने के कारण अब ढलान घरों और दुकानों की तरफ हो गई है। आगामी बारिश में सड़क का सारा पानी लोगों के घर और दुकानों तक पहुंचेगा। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के इंजीनियरों की चुप्पी यह बता रही कहीं न कहीं निर्माण एजेंसी को 'अघोषित संरक्षण' प्राप्त है।

**बेस की जरूरत नहीं :** इधर जब इस संबंध में नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोली से सड़क की ऊंचाई को लेकर बात की तो उन्होंने बताया कि सड़क में बेस की जरुरत नहीं है। तय मापदंड के अनुसार ही सड़क का निर्माण हो रहा है।

शहर के मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक बन रही ढाई करोड़ की सडक़ अपनी उपयोगिता से ज्यादा विवादों और लापरवाही के कारण चर्चा में है। जिस सडक़ को जनता के लिए सुगम रास्ता बनना था, उसे नगर पालिका के इंजीनियरों और ठेकेदार की जुगलबंदी ने 'मुसीबत का पहाड़' बना दिया। हरिभूमि समाचार पत्र ने इस मुद्दे को पूरी प्रखरता से उठाते हुए उजागर किया था कि कैसे बिजली के हाई वोल्टेज खंभों को हटाए बिना ही सडक़ का निर्माण किया जा रहा है।

**खबर का असर**

हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर सोमवार को खुद ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। उन्होंने न केवल निर्माणाधीन सडक़ का मुआयना किया, बल्कि मौके पर संबंधितों को सख्त लहजे में हिदायत दी कि जब तक बिजली के पोल शिफ्ट नहीं हो जाते, सडक़ का काम आगे नहीं बढ़ेगा।

### हादसों को न्योता दे रहे थे सड़क पर खड़े खंभे

बता दें कि मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक की सडक़ रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मंडी को जोडऩे वाला मुख्य मार्ग है, जहां से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। निर्माण एजेंसी और नगर पालिका के इंजीनियरों की अनदेखी का आलम यह था कि सडक़ पर लगे बिजली के खंभों को शिफ्ट करने की जहमत तक नहीं उठाई गई और उन्हीं खंभों के चारों ओर परत बिछा दी गई। यह तकनीकी रूप से न केवल गलत था, बल्कि जानलेवा भी था। रात के अंधेरे में ये खंभे सडक़ हादसों का सबब बन सकते थे। हरिभूमि ने इस 'खतरनाक अनदेखी' का खुलासा किया। सोमवार को निरीक्षण करने पहुंचे नपाध्यक्ष ने दो टूक कहा कि भविष्य में ये पोल हादसों का कारण बनेंगे, इसलिए पहले इन्हें शिफ्ट किया जाए, उसके बाद ही सडक़ का निर्माण पूरा हो।

### इंजीनियरों की चुप्पी से पहाडनुमा निर्माण

सडक़ की ऊंचाई को लेकर भी क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। ठेकेदार ने पुरानी सडक़ की खुदाई कर बेस तैयार करने के बजाय उसी पर मसाला डालकर सडक़ को इतना ऊंचा (पहाडनुमा) कर दिया है कि आसपास की दुकानें, घर और मंदिर अब निचले स्तर पर आ गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बारिश हुई तो पूरा इलाका जलमग्न हो जाएगा।

### जनता का हित ही मेरे लिए सर्वोपरि

सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सडक़ का निरीक्षण किया और जिम्मेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता का हित ही मेरे लिए सर्वोपरि है। सडक़ पर आए यह बिजली के पोल भविष्य में सडक़ हादसों का कारण बनेंगे। हमारी परिषद ऐसा काम नहीं चाहती, जिससे जनता का अहित हो। पहले इन पोलों की शिफ्टिंग की जाए, इसके बाद ही सडक़ का निर्माण किया जाए।

### ढाई करोड़ से बन रही सडक़

शहरवासी और वाल्मिकी मोहल्ले वालों की मांग को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने इस बहुप्रतिक्षित सडक़ की सौगात दी है। करीब ढाई करोड़ रुपए की लागत से इस सडक़ का निर्माण किया जा रहा है। योजना के अनुसार इसे 11 मीटर चौड़ा और डिवाइडर युक्त बनाया जाना है। लेकिन निर्माण एजेंसी लापरवाही बरतते हुए सडक़ का निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं कर रही है। हरिभूमि लगातार इस मुद्दे को उठा रहा है कि कैसे ठेकेदार की मनमानी और इंजीनियरों की रहस्यमयी चुप्पी ने करोड़ों के प्रोजेक्ट और जनता की मंशा को उलझा दिया है।

### नपाध्यक्ष के कड़े तेवर



सोमवार को निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के कड़े तेवरों ने स्पष्ट संदेश दे दिए है। उन्होंने मौके पर मौजूद जिम्मेदारों को स्पष्ट किया है कि बिना पोल शिफ्टिंग के काम शुरू ही क्यों किया गया. उन्होंने साफ किया कि विकास के नाम पर जनता की सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब नपाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद क्षेत्रवासियों में एक उम्मीद जगी है कि सड़क का निर्माण सही मापदंडों के अनुसार होगा।

---

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर का वार्षिक स्नेंह सम्मेलन और पारितोषक वितरण समारोह संपन्न

**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर का वार्षिक स्नेंह सम्मेलन और परितोषक वितरण समारोह स्थानीय कृष्णा सेलिब्रेशन गार्डन चाणक्य पुरी मे सम्पन्न हुआ। समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में राजेन्द्र सिंह राजपूत पूर्व अध्यक्ष वेयर हाउसिंग कारपोरेशन एवं पूर्व विधायक बुधनी, विकासप्रिंस राठौर नगरपालिका अध्यक्ष, देवेन्द्र सिंह भदौरिया अध्यक्ष राजपूत बिजनेस फोरम मप्र, इन्दर सिंह नरुका विभागाध्यक्ष उद्यान कृषि महाविद्यालय सीहोर, डा बलवीर सिंह तोमर संयोजक भारत जोड़ो अन्दोलन ,गिरीश सिंह सोलंकी मंत्री भाजपा, ईश्वर सिंह चौहान अध्यक्ष कर्णी सेना, विजय सिंह राजपूत बुधनी, हीरकुमारी सिसौदिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा महेन्द्र सिंह राठौड़ ने की। कार्यक्रम का संचालन सोना पंवार तथा शैलेन्द्र सिंह चन्देल ने की ने किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाराणा प्रताप के चित्र पर द्वीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण द्वारा हुआ। महासभा के अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागतवाचन भाषण का वाचन करते हुए बताया कि महासभा द्वारा प्रतिवर्ष समाज के हित मे छात्र छात्राओ का प्रोत्साहन करते हुए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। उच्य शिक्षा मे उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को तथा शासकीय / अशासकीय सेवा प्राप्त करने वाले समाजजनों को सम्मानित किया जाता है। समाजजनों का विकास उनकी उन्नति शिक्षा के क्षेत्र मे उनका विकास रोजगार के क्षेत्र मे उनकी सफलता महासभा का उद्देश्य है और वह इस दिशा मे सतत प्रयासशील है। कार्यक्रम मे उपस्थित समाजजनों को सम्बोधित करते हुए




राजपूत बिजनेस फोरम के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा कि शासकीय / अशासकीय क्षेत्र मे नौकरिया सीमित है इसलिए समाज के नवयुवकों को रोजगार के लिए व्यापार की तरफ बढना चाहिए उन्होंने कहा कि राजपूत बिजनेस फोरम इस दिशा मे नवयुवकों को प्रोत्सहित करता है विदेश मे शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्र/ छात्राओं को फीस मे छूट प्रदान करने की व्यवस्था करता है इडब्ल्युएस मे शासन द्वारा किये गये प्रावधनों का विरोध किया। विशेष अतिथि डा बलवीर सिंह तोमर ने कहा कि समाज को अपने अतीत के इतिहास को याद करते हुए भविष्य की दिशा तय करना चाहिए समाज की एकता समय की आवश्यकता है ।मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह राजपूत ने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान समय मे संगठन मे शक्ति है। समाज को शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

---

## दिन-दहाड़े तेंदुआ शवकों के साथ गांव में घुसा, जमनी पड़ली गांव में दहशत का माहौल, लाठियां लेकर घूम रहे ग्रामीण

**सीहोर।** जिले के जमनी पड़ली गांव में सोमवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब खेतों के बीच एक तेंदुआ अपने बच्चों के साथ खुलेआम घूमता नजर आया। आमतौर पर रात के अंधेरे में दिखाई देने वाला यह खतरनाक शिकारी जब दिनदहाड़े सामने आया तो पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग खेतों में काम छोड़कर घरों की ओर दौड़ पड़े और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर छिपाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ हिरणों का पीछा करता हुआ गांव की सीमा तक पहुंच गया। इसी दौरान ग्रामीणों ने देखा कि उसके साथ दो छोटे शावक भी मौजूद थे। तेंदुआ जब बच्चों के साथ होता है तो वह अत्यधिक आक्रामक और सतर्क रहता है, यही कारण है कि इस घटना ने गांववालों की चिंता कई गुना बढ़ा दी। लोगों को आशंका है कि तेंदुआ अपने शावकों की रक्षा में किसी भी हद तक जा सकता है।

घटना का वीडियो ग्रामीणों ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में तेंदुआ खेतों के पास बेखौफ घूमता दिखाई दे रहा है। इस दृश्य ने न सिर्फ जमनी पड़ली बल्कि आसपास के गांवों में भी दहशत फैला दी है।



पिछले करीब एक सप्ताह से सीहोर जिले के एक दर्जन से अधिक गांवों में तेंदुए की मौजूदगी की खबरें सामने आ रही हैं। कहीं वह खेतों में देखा गया, कहीं गांव की गलियों के पास और कहीं जंगल से सटे इलाकों में। ग्रामीण रात-रात भर जागकर पहरा दे रहे हैं। महिलाएं और बच्चे खास तौर पर भयभीत हैं और शाम ढलते ही घरों में कैद हो जाते हैं। जमनी पड़ली निवासी गजराज सिंह ठाकुर ने बताया कि सबसे पहले तेंदुआ गुलाब दादा के खेत पर नजर आया था। सूचना मिलते ही ग्रामीण डंडे-लाठियां लेकर इकट्ठा हो गए और पूरे क्षेत्र में निगरानी शुरू कर दी गई। पशुओं को बाहर निकालना बंद कर दिया गया है और खेतों में काम लगभग ठप हो गया है। वन विभाग के रेंजर चंदर सिंह भिलाला ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। जैसे ही सूचना मिलती है, टीम मौके पर पहुंच रही है। तेंदुओं को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। साथ ही ग्रामीणों को अकेले बाहर न निकलने, समूह में रहने और किसी भी हालत में तेंदुए को उकसाने से बचने की सलाह दी गई है। विभाग का कहना है कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्थिति पर लगातार नियंत्रण रखा जा रहा है।

---

### प्रभारी मंत्री ने कहा-कांग्रेस पार्टी हमेशा से राम के नाम की दुश्मन रही है

# प्रभारी मंत्री मंत्री कृष्णा गौर बोलीं: जीराम जी योजना स्थाई आजीविका की गारंटी देगी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने सोमवार को केंद्र सरकार की 'विकसित भारत-जीरामजी योजना' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना ग्रामीण जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी और स्थायी आजीविका की गारंटी देगी। मंत्री गौर के अनुसार, यह योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करेगी। मंत्री गौर ने कहा कि इस योजना के तहत पुराने प्रावधानों को संशोधित कर गांवों को अधिक अधिकार और स्वायत्तता प्रदान की गई है। उन्होंने इसे ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास की दिशा में एक ठोस कदम बताया। योजना का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार-मुक्त ग्राम पंचायतें, सुशासन और जनभागीदारी सुनिश्चित करना है, जिससे आत्मनिर्भर और सशक्त गांवों का निर्माण हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में आने वाले बदलावों पर जोर दिया।

### बेरोजगारी भत्ता-विलंबित मजदूरी का भी प्रावधान

मंत्री ने बताया कि पहले किसानों को बुवाई और कटाई जैसे व्यस्त समय में कृषि श्रमिकों की कमी का सामना करना पड़ता था। अब 'विकसित भारत-जीरामजी योजना' के तहत पर्याप्त कृषि श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अधिनियम में राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिन की अवधि अधिसूचित करने का प्रावधान है, जिसमें बीज बुवाई और फसल कटाई की व्यस्ततम अवधि को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शामिल किया जाएगा।

इस अवधि के दौरान अधिनियम के तहत अन्य कार्य नहीं किए जाएंगे। योजना के क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार तय मानकों के आधार पर प्रत्येक राज्य को एक निश्चित राशि प्रदान करेगी। अधिनियम में बेरोजगारी भत्ता और विलंबित मजदूरी देने का भी प्रावधान है। यदि किसी ग्रामीण परिवार को काम मांगने के बावजूद तय समय सीमा में रोजगार नहीं मिलता है, तो राज्य सरकार निर्धारित दरों और शर्तों के अनुसार उस परिवार को बेरोजगारी भत्ता देने के लिए बाध्य होगी।

**कहा- कांग्रेस राम नाम की दुश्मन :** प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा राम के नाम की दुश्मन रही है। राम के नाम को कांग्रेस ने हमेशा बदनाम किया है। कांग्रेस को मनरेगा योजना के नाम बदलने से परहेज नहीं है केवल योजना के नए नाम में राम का नाम आने से उन्हें दिक्कत है। प्रभारी मंत्री गौर ने परिवर्तित मनरेगा योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पत्रकारों के सवालों के जवाब में प्रभारी मंत्री गौर ने कहा कि मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार हो रहा था जिसकी रोकथाम के लिए ही यह योजना तैयार की गई है। जी रामजी योजना के तहत ग्राम पंचायत में होने वाले अब सभी निर्माण कार्यों पर निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार के कोई भी फर्जी भुगतान नहीं होंगे।

योजना के तहत अब मजदूरों को भी अधिक से अधिक काम मिलेगा। विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी से भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता को रोका जाएगा मजबूत जांच पड़ताल की व्यवस्था की जाएगी। गलत तरीके के पैसे के लेनदेन को रोका जाएगा। नकली और डुप्लीकेट जॉब कार्ड अब नहीं बनेंगे फर्जी लाभार्थी अब नहीं होंगे बड़ा चढ़कर या मनगढ़ंत हाजिरी रजिस्टर मस्टर रोल अब नहीं बनेगा। श्रमिकों को पूरा भुगतान वेतन देना होगा।

---

## नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर पहुंचे शहीद समाधि स्थल, बोले : ऐतिहासिक होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के इतिहास में पहली बार मकर संक्रांति के अवसर पर एक आधुनिक और भव्य तकनीकी प्रस्तुति होने जा रही है। सीहोर क्रांति अमरवीर वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित शहीद समाधि स्थल पर लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। इस शो के माध्यम से सीहोर क्रांति की गौरवगाथा सहित अनेक प्रस्तुतियॉ आसमान में नजर आयेगी। भव्य आयोजन को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित स्थल से जुडें इतिहासकार ओमदीप, आनंद गांधी से भेंट कर होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम में स्थल पर नगर पालिका द्वारा व्यवस्था को पूर्ण करने के लिए सीएमओ सुधीर सिंह को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, आशीष गहलोत, मांगीलाल मालवीय, आजम नेता, इरशाद पहलवान और कमलेश राठौर के अलावा क्षेत्रवासी शामिल थे।



इस मौके पर यहां पर मौजूद स्थल से जुड़े लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर आगामी दिनों में भव्य आयोजन किया जाएगा। आधुनिक लाइट और दमदार साउंड के साथ 1857 के शहीदों के बलिदान को आसमान पर उकेरा जाएगा, जो शहरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

सीहोर में जनरल ह्यूरोज के आदेश पर सभी क्रांतिकारियों को जेल से निकालकर सीवन नदी किनारे सैकड़ाखेड़ी में लाया गया। फिर इन सभी क्रांतिकारियों पर एक साथ गोलियों चलाई गई। जनरल ह्यूरोज ने इन क्रांतिकारियों के शव पेड़ों पर लटकाने के आदेश दिए। आदेश के बाद शवों को पेड़ों पर लटकाकर छोड़ दिया गया। दो दिन बाद आसपास के ग्रामवासियों ने इन क्रांतिकारियों के शवों को पेड़ से उतारकर इसी मैदान में दफनाया। उन्हीं शहीद क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देने सैकड़ाखेड़ी रोड स्थित शहीदों के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### नरेंद्र खंगराले बने पत्रकार कल्याण परिषद जिला सीहोर के अध्यक्ष

**सीहोर।** पत्रकार कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेदानती त्रिपाठी, पूर्व नपाध्यक्ष तथा जिले के वरिष्ठ पत्रकार राकेश राय ने जिले के समाजसेवी तत्कालीन वरिष्ठ पार्षद रहे पत्रकार नरेन्द्र खंगराले को पत्रकार कल्याण परिषद जिला सीहोर मध्य प्रदेश का अध्यक्ष घोषित करते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर खंगराले ने सभी प्रदेश से सीहोर आए पत्रकार साथियों का पुष्पमालाएं पहना कर स्वागत किया।

### सहस्त्र चंडी महायज्ञ 18 से 27 जनवरी तक



**सीहोर** । शहर के प्राचीन करोली माता मंदिर में पहली बार 18 से 27 जनवरी तक सहस्त्र चंडी महायज्ञ होगा। यज्ञ का आयोजन हर दिन किया जाएगा। आचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में देशभर से आए 108 विप्रजन दिव्य अनुष्ठान कराएंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह है। आयोजन समिति ने कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को आमंत्रण पत्र सौंपा। मंदिर परिसर में भव्य यज्ञशाला बनाई जा रही है। दस दिन तक नगर भंडारे होंगे। आयोजन समिति ने नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे, संत उद्धवदास महाराज, हंसदास मठ दशहरा बाग के महंत हरिराम दास को भी आमंत्रण दिया है। समिति बनाई गई है। कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर को जिम्मेदारी दी गई है।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र आईडी अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

## सूर्य नमस्कार व प्राणायाम से होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार

# शहर सहित अंचल में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हुए कई कार्यक्रम, सूर्य नमस्कार किया गया

स्वामी विवेकानंद के 164वें जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में विविध प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को भोपाल नाका स्थित द ग्लोरियस एकेडमी हाई स्कूल में महान युग प्रवर्तक, ओजस्वी विचारक, विश्व को अध्यात्म का संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में संचालक, अंकू रोहित महाजन की उपस्थिति में प्राचार्य, अरुण कुमार व्यास ने बच्चों के समक्ष स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं योग शिक्षक उषा कौशल ने बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाकर अंत में राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर समस्त शिक्षक,स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। इसी प्रकार विचारक, ओजस्वी वक्ता एवं युवाओं के पथ-प्रदर्शक स्वामी विवेकानंद के 164वें जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में "राष्ट्रीय युवा दिवस" के रूप में विविध प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं अनुशासन के साथ किया गया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास से हुआ। इस अवसर पर सीहोर जिले के सुप्रसिद्ध योगाचार्य हरीश कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समस्त छात्राओं एवं महाविद्यालय के स्टाफ को योग, प्राणायाम एवं विभिन्न आसनों की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी देते हुए योग के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। योगाचार्य कुशवाहा ने कहा कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।" इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने अपने संक्षिप्त किंतु प्रभावशाली उद्बोधन में स्वामी




विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए आज भी अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनका जीवन आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने छात्राओं से विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। इसी प्रकार शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित हुआ एक महत्वपूर्ण व्याख्यान कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर मंजिरी अग्निहोत्री ने की कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राकेश कुमार सोलंकी सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पूजा कश्यप सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र द्वारा किया गया। श्री सोलंकी ने छात्राओं को भविष्य निर्माण में आने वाली कठिनाइयों से कैसे बचे ओर कैसे एक बेहतर करियर का निर्माण करे आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की ।कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रभारी सुश्री अमिता बैरागी एवं ईको क्लब के प्रभारी डॉ राजेश बकोरिया जी भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रभारी डॉ पूजा कश्यप व महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के प्रभारी देवसिंह मालवीय ने किया और बताया कि भविष्य निर्माण में कैसे समय प्रबंधन आपकी सफलता में सहयोग करता है।




### भारतीय सिंधू सभा रेहटी द्वारा युवा दिवस मनाया गया



रेहटी। भारतीय सिंधू सभायुवा शाखा रेहटी द्वारा स्वामी विवेकानंदजी की जन्म जयंती पर उनके चित्र पर मालाअर्पण कर कर उनके विचारों प्रकाश डाला कार्यक्रम का संचालन भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महामंत्री अश्विनी नानकानी (बंटू )द्धारा द्धारा किया गया।सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप मंगतानी एवं भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष भगवान दास ज्ञानचंदानी,भारतीय जनता पार्टी सलकनपुर मंडल के अध्यक्षआदरणीय बनवीर सिंह चंद्रवंशी हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्षआदरणीय चंद्रशेखर गुप्ता,जुगल किशोर सिसोदिया,पार्षद पुरुषोत्तम मंगतानी,पार्षद प्रतिनिधि शिवनंदन ठाकुर,सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष केवल राम सोभानी,टीकम दास ,रमेश चंद्र, सोनू इसरानी ,कैलाश सैनी, महेंद्र नागर, मूरली खुशलानी ,फतन ज्ञानचंदानी ,विजय ज्ञानचंदानी ,परशराम ज्ञानचंदानी,आनंद गोपाल पटेल किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठजनों एवं समाज जनों ने उनके जीवन पर अपने-अपने विचार रखें।

### 300 से अधिक विद्यार्थियों के साथ अधिकारियों ने किया सूर्य नमस्कार



इछावर। स्वामी विवेकानंद की 162 वी जयंती गुरुवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सभी विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों , अधिकारियों, नागरिकों और विभिन्न समुदायों के लोगों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कर शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता और अनुशासन का संदेश दिया। युवा दिवस के अवसर पर नगर के सांदीपनि विद्यालय परिसर में मुख्य सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 300 से अधिक विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी, अधिकारी और विभिन्न समुदायों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग शिक्षकों राजेश मालवीय, महेंद्र सिसोदिया ने प्रतिभागियों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी और भस्त्रिका जैसे प्राणायाम के आसन सिखाए साथ ही सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं का अभ्यास किया गया। इसी प्रकार मॉडल स्कूल में भी सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने भी बच्चों के साथ योग किया - आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, मॉडल स्कूल प्राचार्य लखनलाल दुगरिया,शिक्षक ओमप्रकाश सेन, मंजू राठौर, आकाश ताम्रकार, हेमलता राठौर, जितेंद्र परमार आदि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भी बच्चों के साथ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया।


### युवा दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित



**सीहोर।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन "युवा दिवस" के अवसर पर जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सीहोर स्थित आवासीय खेल परिसर में आयोजित किया गया है। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और कलेक्टर बालागुरू के. सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारी कर्मचारियों एवं नागरिकों के साथ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। इस अवसर पर आकाशवाणी के माध्यम से राष्ट्रगीत, 'स्वामी विवेकानंद की वाणी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रिकॉर्डेड संदेश तथा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने कहा कि शरीर को निरोगी रखने के लिए प्रतिदिन योग और सूर्य नमस्कार करना चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे हमारी दृष्टि सकारात्मक होती है और हमारे काम करने की क्षमता भी बढ़ जाती है।

## संदीपनि स्कूल में सूर्य नमस्कार, योगाभ्यास किया गया

**भैरुंदा।** राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर नगर के संदीपनि स्कूल परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में सूर्यनमस्कार एवं योग का भव्य, अनुशासित और प्रेरक आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ शरीर और सशक्त चरित्र ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में सामूहिक सूर्यनमस्कार कराया गया। एक साथ लयबद्ध ढंग से किए गए सूर्यनमस्कार ने अनुशासन, ऊर्जा और सामूहिक चेतना का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित जनसमूह को प्रेरणा से भर दिया। योग सत्र का संचालन योगगुरु चौबे ने किया। उन्होंने सूर्यनमस्कार की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराते हुए इसके शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित योग से शरीर निरोगी रहता है, मन स्थिर होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। युवाओं के लिए योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और उद्देश्यपूर्ण बनाने का मार्ग है। युवा दिवस पर वक्ताओं ने उपस्थित अधिकारी जनप्रतिनिधि, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए सतत प्रेरणा है।

### विवेकानंद जयंती पर सूर्यनमस्कार-योग का आयोजन किया



**भैरुंदा।** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था तरुण पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर सूर्यनमस्कार एवं योग का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजन के अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन व प्राणायाम का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वहीं अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सूर्यनमस्कार कर अनुशासन, ऊर्जा और एकाग्रता का परिचय दिया। विद्यार्थियों के योग प्रदर्शन का अवलोकन संस्था के संचालक आर.बी. मालवीय ने किया।इस अवसर पर श्री मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन की समस्त चुनौतियों का सामना करने के लिए आध्यात्मिक शक्ति से बड़ा कोई साधन नहीं है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अल्पायु में ही उन्होंने उच्च जीवन मूल्यों की स्थापना कर विश्व पटल पर भारत की गौरवशाली पहचान बनाई। यह उनकी आध्यात्मिक चेतना और आत्मबल का ही परिणाम था। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर जीवन को सफल और सार्थक बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत संगीतमय गायन ने वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जा से भर दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाना रहा, जिसके तहत सूर्यनमस्कार की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार व रन फ़ॉर स्वदेशी का हुआ आयोजन

**सीहोर।** शासकीय पीएम श्री महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं रन फ़ॉर स्वदेशी का आयोजन किया गया। प्रारंभ में विवेकानंद जी के चित्र पर संस्था प्राचार्य रूपश्री नागेश द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम के बाद संकल्प स्वदेशी रन फ़ॉर स्वदेशी का आयोजन किया गया। आयोजन में स्वदेशी एवं स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र के प्रमुख प्रसंग पर प्रकाश डाला गया। छात्राओं द्वारा स्वदेशी के लिए दौड़ की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य समाज सहित पूरा स्टाफ एवं शिक्षा एवं छात्राएं उपस्थित थी।



## विराट हिंदू सम्मेलन, तीन स्थानों से निकाली गई कलश यात्रा

# पंडित अजय पुरोहित ने कहा, आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होना समय की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जगतगुरु यशोदा नंदन महाराज पंडित अजय पुरोहित में अपने उद्बोधन में कहा कि हम बचपन से केवल एक बात सुनकर बड़े हुए हैं की कोई हमारे एक गाल पर तमाचा मार तो उसके सामने अपना दूसरा गाल भी कर दो यही हमारी कमजोरी बन गया है वर्तमान विश्व परिदृश्य में हमें अपने आप को बदलकर यह सोचना पड़ेगा की कोई हमारे एक गाल पर तमाचा मार तो हम उसके दोनों गालों पर प्रहार करें। उक्त विचार विशाल हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद जगत गुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहे। हिंदू समाज से संगठित रहने, आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने और हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ एक स्वर में खड़े होने का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि सनातन संस्कृति की रक्षा तभी संभव है जब समाज जागरूक,




संगठित और सक्रिय रहेगा। कार्यक्रम के दौरान संघ जिला कार्यवाह संतोष तोमर और संयोजक राकेश विश्वकर्मा ने धर्म, संस्कार और संस्कृति पर गहन विचार साझा किए गए, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह और चेतना का संचार हुआ। सम्मेलन में विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। रविवार को तीन स्थानों



से विशाल कलश यात्रा 11 जनवरी को करौली मंदिर एवं रानी मोहल्ले राठौर मोहल्ले से विशाल कलश यात्रा के माध्यम से वसुधा गार्डन में विराट हिंदू सम्मेलन रखा गया जिसमें संतों का मार्गदर्शन हुआ जिसमें संत श्री 1008 जगद्गुरु यशोदा नंदन महाराज पंडित अजय पुरोहित सार्वभौम सनातन धर्म महासभा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं संघ जिला कार्यवाह संतोष तोमर का उद्बोधन हुआ कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज के प्रमुख उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद राकेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पूरे जिले में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में सभी समाज के अध्यक्ष, क्षेत्रवासी और बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद थी।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, हजारों लोगों ने एक साथ किया भोजन, एकजुट होने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत भैरुंदा नगर की श्रीराम बस्ती में रविवार को सुदामा पैलेस गार्डन मे हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें बौद्धिक,सांस्कृतिक आयोजन और समरसता भोज का आयोजन भी हुआ। हजारों हिंदू समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।

यह दृश्य देखकर सभी के मन में सामाजिक समरसता के भाव प्रकट हुए। इन आयोजनों की खास बात यह रही कि अतिथि के रूप में एक संघ वक्ता,एक महिला वक्ता,संत वक्ता एवं समाज से प्रबुद्ध जन मंच पर उपस्थित थे! जिन्होंने अपने-अपने विषय पर विस्तारपूर्वक बात रखी और अंत में सभी ने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया।

इससे पहले शोभा यात्रा किसान मोहल्ला स्थित श्रीराम मंदिर से प्रारम्भ होकर इंदौर रोड होते हुये डीजे - बाजे व अखाडा,खुली थार मे सवार भारत माता,घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मी बाई लोगो के हाथो मे भगवा पताका के साथ शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची इस शोभायात्रा में मातृ शक्ति व युवा साथियो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

तत्पश्चात निर्धारित स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया,जहां पर अथितियों ने मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर व गायत्री परिवार द्वारा हवन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंच पर कुटुंब प्रबोधन (परिवार) झाँसी की रानी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। मुख्य वक्ता शिवशंकर (प्रान्त संयोजक पर्यावरण गतिविधि) ने कहा की हिन्दू धर्म के लिए काम कौन करता है हमको कही न कही छुट-पुट कम ज्यादा कमोवेश सुनाई देता होगा यह हिन्दूओ का संगठन है, इस देश मे जिसे हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कहते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भैरूंदा जिला सीहोर (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 1148/1-6/2024-25
भैरूंदा, दिनांक 09/01/2026

**::सार्वजनिक नोटिस ::**

राजेन्द्र सिंह आ० पतिराम जाति जादम निवासी भैरूंदा कृषक ग्राम मंझली तहसील भैरूंदा जिला सीहोर म०प्र० . आवेदक

**सर्वसाधारण**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र सिंह आ० पतिराम जाति जादम निवासी भैरूंदा तहसील भैरूंदा जिला सीहोर म०प्र० के द्वारा ग्राममंझली स्थित भूमि सर्वे नंबर 36/1/1,61/1,36/1/2,61/1, 62,63,64, 65,66/2,36/1/3,61/1, 62,63,64,65,66/3,36/1/4,61/1,62,63,64,65,66/4,116,168/144/1,168/144/2 रकबा 8.784 हे0 भूमि के वर्तमान भूमि स्वामी पतिराम आ० सदाराम, लक्ष्मीराम आ० सदाराम, गोपीबाई बेवा सदाराम, पुनीयबाई बेवा सदाराम, कोमलसिंह आ० भालू रामदीन आ० भालू जाति जादम के नाम के स्थान पर स्वयं के नाम पर फौती नामान्तरण के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है उक्त सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त सबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार, फौत कृषकों के वैध वारिसानों या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 16/01/2026 के पूर्व स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष या अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद उपरान्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा प्रकरण मे विधिसंगत कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील भैरूंदा**

ब्यावरा की 8 बस्तियों में एक साथ हिंदू सम्मेलन संपन्न

# संघ शताब्दी वर्ष पर समाज से पंच परिवर्तन का आह्वान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को ब्यावर नगर में ऐतिहासिक आयोजन हुआ। नगर की 8 प्रमुख बस्तियों में एक ही दिन और एक ही समय पर 8 अलग-अलग स्थानों पर भव्य हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों, साधु-संतों और प्रमुख वक्ताओं ने संघ की सौ वर्षों की राष्ट्रसेवा यात्रा, संगठन पद्धति तथा समाज परिवर्तन के लिए "पंच परिवर्तन" विषय पर मार्गदर्शन दिया।

### विरोधी भी करने लगे स्वयंसेवक संघ की सराहना

महाराणा प्रताप बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन को भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री भारत पटेल ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा अनुशासन, अध्ययन और सेवा आधारित रही है। संघ की कार्यपद्धति को देखकर आज उसके विरोधी भी उसकी सराहना करने लगे हैं। संघ के खिलाफ नकारात्मक वातावरण बनाने वाले तत्व आज संगठन की मजबूती और विचारधारा के सामने पस्त हो चुके हैं। उन्होंने समाज में समरसता लाने के लिए पंच परिवर्तन की आवश्यकता बताई।

### अन्य वक्ताओं ने भी रखे अपने विचार

सुभाष बस्ती में क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख सुरेश जैन मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने संघ के सौ वर्ष के इतिहास और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान पर प्रकाश डाला।

विश्वनाथ बस्ती में प्रमोद पवार ने हिंदुत्व और पंच परिवर्तन पर विचार रखे। वाल्मीकि बस्ती में विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा ने समाज परिवर्तन में नागरिकों की भूमिका पर जोर दिया। वृंदावन बस्ती में प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख रामवीर कौरव ने कहा कि देश एक घर के समान है और जातियाँ उसके कक्ष हैं, जब तक देश सुरक्षित है तभी समाज सुरक्षित रह सकता है। बालाजी बस्ती में प्रांत समरसता प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान, बिहारीजी बस्ती में सेवा भारती संगठन मंत्री रामेंद्र सिंह तथा अंजनीलाल बस्ती में मजदूर संघ के संगठन मंत्री निरंजन कुमार ने सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलनों के पूर्व सभी बस्तियों से चल समारोह एवं कलश यात्राएं निकाली गईं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। हिंदू सम्मेलन के चलते ब्यावरा नगर में पूर्ण धार्मिक वातावरण बना रहा। बाजार स्वेच्छा से बंद रहे और नागरिकों ने बड़ी संख्या में सम्मेलनों में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया।

विभिन्न संख्याओं को कुछ सैकड़ में जोड़, घटा देता है यह होनहार

# रचा कीर्तिमानः मुदित का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गणित की जिन संख्याओं को हम केलकुलेटर पर जोड़, घटा नहीं पाते उन्हें मूलतः राजगढ़ निवासी मुदित शर्मा कुछ सेकंड में मौखिक साल्व कर देता है। पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा के नाती एवं गुरुग्राम में डॉ. वसुधा शर्मा एवं नितिन शर्मा के पुत्र मुदित की इस गणितीय दक्षता पर उनका नाम भारत की प्रतिष्ठित संस्था इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड ने दर्ज किया है। विगत दिनों इस संस्था के एक पैनल के सम्मुख 7 वर्षीय मुदित ने तय 5 मिनट में दो अलग-अलग न्यूमरिक अंकों की 61 संख्याओं को मौखक रूप से जोड़कर बताया। पहले से दर्ज इस रिकार्ड को और कम समय में तोड़ने पर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड ने पुष्टि करके मुदित का नाम, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व मुदित गणित इंटरनेशनल ओलंपियाड और यूएसए बुक ऑफ रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करवा चुके हैं। अब इन रिकॉर्ड के आधार पर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के टेस्ट में भी उन्होंने अपना पंजीयन कराया है।

### गहन परीक्षण के बाद दर्ज होता है नाम

आपको बतादें कि भारत की प्रतिष्ठित इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड संस्था भारतीय विद्यार्थियों व होनहारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय रिकार्ड बनाने वालों के नाम सघन परीक्षण उपरान्त दर्ज कर उन्हें यह उपलब्धि प्रदान करती है। जिले का नाम रोशन करने वाले मुदित की इस उपलब्धि पर नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाईयां प्रेषित की हैं।

# खेत में पानी फेरने गए युवक की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

ग्राम चिलडावनीया में दोपहर करीब 2 बजे चिलडावनीया निवासी हिमांशु पिता कैलाश नागर उम्र 18 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हिमांशु अपने घर के पीछे स्थित खेत पर पानी फेर रहा था उसी दौरान तार में कट लगे होने से पानी में करंट फेल गया। युवक करंट की चपेट में आ गया परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए शासकीय अस्पताल खुजनेर लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# एनएसयूआई छात्र संगठन राघौगढ़ ने एक पेड़ राष्ट्र के नाम पौधारोपण किया

**राघौगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ डिग्री कॉलेज परिसर में एनएसयूआई छात्र संगठन राघौगढ़ के द्वारा एक पेड़ राष्ट्र के नाम एवं एक पेड़ भविष्य के वृक्षारोपण किया गया। म. प्र पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देश अनुसार एवं एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और जिला अध्यक्ष फलेषुराज सिंह सिसौदिया के नेतृत्व में किया गया। कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जो सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प लेता हैं कॉलेज छात्र अध्यक्ष प्रशांत मेर ने बताया कि वृक्ष लगाओ देश बचाओ को लेकर एनएसयूआई ने वृक्षारोपण अभियान चलाया हैं कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों को अपने घर के आस पास या बगीचे में पेड़ लगाने की सलाह भी दी । कॉलेज परिसर में अनेकों छात्र छात्राओं के द्वारा वृक्ष लगाए गए । कॉलेज के छात्रों ने पेड़ लगाने के साथ साथ उनकी



नियमित देखभाल का भी जिम्मा उठाया है इस कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ माया परस्ते जी के साथ समस्त कॉलेज स्टाफ ने भी वृक्ष लगाने में अहम सहयोग किया । जिसमें कॉलेज अध्यक्ष प्रशांत मेर, मोंटी कोरी, विशाल प्रजापति, माखन वघेल, सोहिल सेन, योगेश, नितेश, देवेंद्र, मोहनपाल, सेतु, पूर्व छात्र दीपू गुर्जर एवं कॉलेज के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक बुधवार को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

स्थानीय मेडतवाल समाज धर्मशाला किशनगढ़ मोहल्ला में 14 जनवरी को सायं 4 बजे गो सम्मान आह्वान अभियान के निमित्त जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में गोमाता के सम्मान और गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार से कानून बनाने की अपील तथा संतों एवं गो सेवकों द्वारा सत्संग और गो रक्षा से जुड़ी चर्चाएँ की जाएँगी। बैठक में गोभक्तों से आह्वान किया कि अधिकाधिक संख्या में शामिल हों।

ज्ञातव्य हो कि भारत की 5000 से अधिक तहसीलों एवं 790 जिलों में भगवती गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए संतो एवं सनातनियों ने गो सम्मान अभियान चलाया है जिसमें गो माता को सम्मान दिलाने की मांग की जाएगी। गो सम्मान आह्वान अभियान किसी संस्था, संगठन या राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं, बल्कि गोमाता के प्रधान संरक्षण और नंदी बाबा की अध्यक्षता में संचालित होगा। अभियान का उद्देश्य गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना, गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करवाना, गो संवर्धन उनके संरक्षण के लिए ठोस सरकारी नीतियां बनवाना एवं गो रक्षा के लिए केन्द्रीय कानून बनाया जाए। गोहत्या और गोतस्करी में लिप्त अपराधियों को आजीवन कारावास का प्रावधान के साथ जब्त किए गए वाहनों को गोशालाओं के उपयोग में लाया जाए। इसके साथ ही गोबर और गोमूत्र पर आधारित अनुसंधान विश्वविद्यालय स्थापित किए जाएं, पंचगव्य औषधियों का आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में निरूशुल्क वितरण किया जाए तथा सरकारी भवनों में गोबर पेंट और गोनाइल का उपयोग अनिवार्य किया जाए।

# अब गुरुकुल पब्लिक स्कूल के पीछे मिला अवैध लकड़ी का जखीरा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

गुरुकूल पब्लिक हाई सेकंडरी स्कूल के पीछे चार से पांच ट्रॉली के लगभग अवैध लकड़ी पहाड़ी पर पड़ी मिली। क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई और लकड़ी के परिवहन अब चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना परमिशन के हरे भरे पेड़ों को काटा जा रहा है और लकड़ी को ट्रॉलियां की मदद से लखनवास पहाड़ी पर स्टोक किया जाता है। रात के अंधेरे में लकड़ी को ट्रैक में भरके बहार भेज देते हैं। किसी भी समय मार्ग पर ट्रॉली दौड़ती नजर आती है। हर जगह दिनधड़े लकड़ी ढोते ट्रैक्टर ट्रॉली ऐसे गुजरती हैं। लकड़ी से भरी ट्रॉलियां सुबह-शाम खुलेआम दौड़ रही है। आखिर वन विभाग को क्यो दिखाई नहीं दे रही। लकड़ी से भरी ट्रॉली या वन विभाग ट्रैक्टर ट्रॉली की परमिशन की जांच करना भुल गए। वन विभाग की खामोशी से लकड़ी माफिया बेखौफ पेड़ों की कटाई भारी मात्रा में कर ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर खुलेआम दौड़ती है या देखकर भी अनदेखा किय जा रहा है? बड़ा प्रश्न यह है क्या वन विभाग पेड़ों की कटाई का यह खुला खेल ऐसे ही देखते रहेंगे लखनवास पटवारी कमल यादव को 4 दिन से लगातार अवगत कराने के बाद भी लकड़ी का पता नहीं लगा पाए कि ये लकडी कहा से काट लाए ओर परमिशन है या नहीं ओर नही कोई सन्तुष्ट जवाब दे पाए।

# देवनारायण जन्मोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के लोधा मोहल्ला स्थित देवनारायण मंदिर पड़ापड़ के देवरा में भगवान देवनारायण जन्मोत्सव जो 25 जनवरी को है लेकर देवनारायण नवयुवक समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे जन्मोत्सव को लेकर सभी समाजजनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। जन्मोत्सव पर एक विशाल चल समारोह नगर में



निकाला जाएगा। साथ ही समाज को नशे से मुक्ति हेतु अभियान चलाने की बात भी बैठक में की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष बालूसीह कार्यकारी अध्यक्ष देवसिंह इंदरसिंह सचिव डूंगरी कालूसिंह मल्हारपुरा, अर्जुनसिंह भारूगढ़, बालचंद अध्यापक, इंदर सिंह लिंबोदा घनश्याम गुर्जर माचलपुर, हेमराज कचनारिया, सुरेंद्र चाड माचलपुर, प्रेमनारायण कुंडालियां, अर्जुन कुंडालियां, मानसिंह गोवर्धन सिंह कालिकाबे जुझार सिंह जेतपुरा मागीलाल सुलीपुरा एवं नारायण पांडा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

# शहर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित हजारों नागरिकों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर के स्टेडियम ग्राउंड में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम एवं भारत माता के चित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन की मुख्य वक्ता साध्वी सरस्वती ने उद्बोधन में हिन्दू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने जाति-पात के भेद से ऊपर उठकर हिन्दू संस्कृति से जुड़े रहने, संस्कृति से विमुख न होने तथा अन्य विधर्मियों द्वारा फैलाए जा रहे षड्यंत्रों के प्रति सतर्क रहने की बात कही। वहीं विभाग प्रचारक धर्मेंद्र बघेल ने संघ के पंच सूत्रों को जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया।

# मंत्री टेटवाल ने कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने की दिशा में एक पहल की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में गुरुवार को सारंगपुर में कृषक रथ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी किसानों तक सीधे उनके गांव और खेत तक पहुंचाना है।

कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषक रथ अभियान किसानों को वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित करने और कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। वहीं टेटवाल ने कहा कि किसानों को मिलेगा वैज्ञानिक मार्गदर्शन कृषक रथ के माध्यम से किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, पराली प्रबंधन, उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों तथा ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि हितैषी योजनाओं का लाभ लेने की विधि भी समझाई जाएगी।

### चाचौड़ा में कृषि रथ का शुभारंभ, किसानों को दी जा रही विभागीय योजनाओं की जानकारी

चाचौड़ा। चाचौड़ा कृषि विभाग कार्यालय से रविवार को कृषि रथ का शुभारंभ किया गया। कृषि रथ को भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मीना एवं सीताराम गुर्जर, कृषि स्थायी समिति के सभापति हल्कूराम सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर कृषि विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें रामदास सिलावट चाचौड़ा, अरविंद तवर, पवन, कार्तिक, पप्पू मंडलोई, कमलेश मालकर, बीमा प्रतिनिधि योगेश एवं सोनू कोहली शामिल रहे। कृषि रथ को कृषि विभाग कार्यालय से रवाना कर ग्राम पंचायत आमसेर, ग्राम पंचायत कुंडल्या एवं ग्राम पंचायत मुरेला भेजा गया।

# कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी गुना के तत्वावधान में शास्त्री पार्क गुना में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई। समस्त कांग्रेस जनों ने पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि आर्पित की गई दो मीनिट का मौन धारण किया गया। कांग्रेस कमेटी जिला गुना के पूर्व अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, हरिशंकर विजयीवर्गीय एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैलाश नारायण भार्गव ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल



बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कांग्रेस के निम जन उपस्थित थे। जिसमें राजेन्द्र तिवारी,पंकज कनेरिया, ओमप्रकाश शर्मा, रामप्रकाश चौधरी,माधो महाराज रणवीर सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष 1 गुना, हलीम गाजी ब्लॉक अध्यक्ष 2 गुना,राजू जाटव पार्षद, तरुण सेन पार्षद, रहीस खान पार्षद,कैलाश यादव, इकरार बल्ला, प्रमोद रघुवंशी, बृजेश भार्गव, असीम भटनागर, सहदेव बाल्मीकि, अकबर खान, कमलेश कुशवाह, अशोक जाटव, मोहित शर्मा, करण जाटव, दुर्गेश ओझा, रवि राजपूत,मंगल सिंह सेलर, सोहिल खान, बाबू लाल बंजारा,आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र तिवारी ने आभार ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह ने किया।

पुलिस अधीक्षक के सशक्त नेतृत्व में पुलिस का व्यापक कॉम्बिंग गस्त अभियान

# कॉम्बिंग गस्त में लंबे समय से फरार 51 वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त नेतृत्व एवं रणनीतिक मार्गदर्शन में गुना पुलिस द्वारा जिले में लगातार अपराधियों पर सख्त शिकंजा कसा जा रहा है। जिले में अपराधों पर नियंत्रण हेतु विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों, वारंटियों, जिला बदर बदमाशों, इनामी आरोपियों एवं अन्य आपराधिक तत्वों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही हैं।

साथ ही समय-समय पर जिले में कॉम्बिंग गस्त कर फरार आरोपियों, वारंटियों, जिला बदर बदमाशों, गुंडा, हिस्ट्रीशीटर्स बदमाशों आदि की सघन चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में गत रात्रि में जिलेभर में पुलिस द्वारा एक साथ और एक समय में कॉम्बिंग गस्त अभियान संचालित किया गया। इससे पूर्व सभी सभी पुलिस टीमों को संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देकर कॉम्बिंग गश्त के लिए क्षेत्रवार रवाना हुए। गुना पुलिस की इस कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस टीमों के द्वारा अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में सघन भ्रमण करते हुए गुंडा-बदमाश, हिस्ट्रीशीटर, जिला बदर अपराधियों, स्थाई, गिरफ्तारी वारंटियों, इनामी आरोपियों सहित विभिन्न अपराधों



में फरार चल रहे आरोपियों की गहन तलाश की गई, जिसमें पुलिस के हाथ कई सफलतायें लगीं हैं, इस दौरान न्यायालयों से विभिन्न प्रकरणों में जारी वारंटों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 51 वारंटियों (18 स्थाई एवं 33 गिरफ्तारी) को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है।

**इनमें थाना-वार उपलब्धियां इस प्रकार रहीं :-**1. गुना कोतवाली : 07 स्थाई, 06 गिरफ्तारी, कैंट थाना : 03 स्थाई, 08 गिरफ्तारी, बजरंगढ़ थाना : 02 गिरफ्तारी, म्याना थाना : 04 गिरफ्तारी, बमौरी थाना : 03 गिरफ्तारी, फतेहगढ़ थाना : 03 गिरफ्तारी, सिरसी थाना : 01 गिरफ्तारी, राघौगढ़ थाना : 02 स्थाई, 03 गिरफ्तारी, आरोन थाना : 02 गिरफ्तारी, चांचौड़ा थाना : 05 स्थाई11. कुम्भराज थाना : 01 स्थाई,. मृगवास थाना : 01 गिरफ्तारी

इस दौरान जिले भर के सभी थाना क्षेत्रों से गस्त टीमों के द्वारा जिला बदर अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर्स व गुंडा-बदमाशों तथा अन्य अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों आदि को भी गहनता से चैक किया गया, जिससे अपराध नियंत्रण की दिशा में मजवूत परिणाम प्राप्त हुए।

गुना पुलिस का जिले में अपराधियों के विरूद्ध यह अभियान भविष्य में भी इसी कठोरता और निरंतरता के साथ जारी रहेगा। कानून और शांति व्यवस्था को भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी। अतएव कानून का पालन करें, गुना पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

## खबर संक्षेप

### छात्रावासों की व्यवस्था सुधाने की मांग



**सीहोर।** एकलव्य संकुल वनवासी कल्याण परिषद भोपाल में जनजाति सुरक्षा मंच रानी कमलापति, जनजाति नारी शक्ति संगठन के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. आशा लकड़ा सदस्य अनुसूचित जाति जनजाति आयोग भारत सरकार नई दिल्ली से अनुसूचित जाति परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हरीश कौशल ने मुलाकात कर मंच के माध्यम से शासन से मांग की कि स्वच्छता और अनुसूचित जाति जनजाति के छात्रावासों में बुनियादी सुविधाओं का सुधार हो, जिसमें मुख्य रूप से छात्रावासों में बेड, वॉशरूम, लाइटिंग आदि कई छात्रावासों में पानी की कमी और शौचालय की स्थिति में सुधार किया जाए। खाद्य व्यवस्था में सुधार किया जाए। छात्रावासों में छात्र-छात्रों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन मिले, इसके लिए खाद्य गुणवत्ता में सुधार किया जाए। छात्रावासों में सुरक्षा को और मजबूत किया जाए। सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

### कन्या उमावि में विदाई समारोह आयोजित

**सीहोर।** संकुल केंद्र शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में विदाई समारोह का कार्यक्रम कान्हा मंडप गार्डन में रखा गया। जिसमें संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाली शासकीय माध्यमिक शाला बिछिया से सेवानिवृत शिक्षक शराकेश शर्मा व शासकीय माध्यमिक शाला छतरी से सेवानिवृत सहायक शिक्षक मनोज चतुर्वेदी एवं हाई स्कूल बरखेड़ा देवा से सेवानिवृत सहायक शिक्षक बलराम सिसोदिया, शासकीय प्राथमिक शाला इमलिया हसन से सेवानिवृत सहायक शिक्षक विजय सिंह कसौटीया का विदाई समारोह का कार्यक्रम संकुल प्राचार्य क्रिम देव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सेवानिवृत समिति संकुल केंद्र शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय दोराहा व संकुल केंद्र की समस्त संस्थाओ द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ उपहार भेंट किए।

### आष्टा सहित सिद्धिगंज, जावर, खाचरोद में युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संपन्न

# स्वामी विवेकानंद की जयंती और युवा दिवस पर रन फॉर स्वदेशी में स्वदेशी अपनाएं, भारत बचाएं के लगे नारे



### स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालकर पद चिन्हों पर चलने लिया संकल्प।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/सिद्धिगंज/जावर/खाचरोद

नगर के सांदीपनि उमावि में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन कुमार टाले, विकासखण्ड षिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा, बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

संस्था प्राचार्य सितवत खान द्वारा कार्यक्रम में आए समस्त अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। इसके बाद दिए गए प्रोटोकॉल अनुसार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण व उसी के साथ साथ संस्था में भी अतिथियों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर योग शिक्षक अजेन्द्र सिंह यादव, बसंती यादव, गोपाल सिंह राजपूत द्वारा सूर्य नमस्कार के सभी बारह आसनों का अभ्यास करवाया गया। संस्था प्राचार्य सितवत खान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने छोटी आयु में ही उन्होंने मां भारती का गुणगान दुनिया के सामने प्रस्तुत किया साथ ही साथ उन्होंने बच्चों को अपनी विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को बताते हुए मार्गदर्षित किया कि विद्यार्थी जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है, स्वामी विवेकानंद ने अपने अल्प जीवनकाल में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की।

प्राचार्य ने आगे कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ्य रखता है, बल्कि मन और आत्मा को भी शांति और संतुलन प्रदान करता है। यह जीवन में सकारात्मकता लाता है, और आत्मजागरूकता को बढ़ावा देता है। योग के नियमित अभ्यास से न केवल तनाव कम होता है, बल्कि ध्यान में वृद्धि होती है, और ऊर्जा स्तर बढ़ता है, जिससे आत्मविष्वास आता है। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के षिक्षक भूपेन्द्र सिंह, सतीष वर्मा द्वारा किया गया। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के बाद रन फॉर स्वदेशी का आयोजन किया। इसमें नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन कुमार टाले, विकासखण्ड षिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा, बीआरसीसी, अजब सिंह राजपूत, प्राचार्य सितवत खान और गणमान्य एवं वरिष्ठ नागरिक सहित शिक्षकों और लगभग 2500 विद्यार्थियों ने सहभागिता करी।

### ये उम्र है, रास्ते इजाद करने की: भीमसेन




**जावर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रन फॉर स्वदेशी एवं सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का प्रेरक और अनुकरणीय आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बीए तृतीय वर्ष की छात्रा शीतल ठाकुर ने युवाओं को लक्ष्यबद्ध जीवन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का संदेश देते हुए ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किय। इस दौरान भीमसेन मालवीय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवावस्था भटकाव या नकारात्मकता की नहीं, बल्कि सृजन, नवाचार और नए मार्ग गढ़ने की अवस्था है। कार्यक्रम में नीतू परवाल, डॉ. शर्मिला गांगले, डॉ. विजय कुमार यादव, डॉ. सुमन भदौरिया एवं प्रीति कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में हुआ।

### छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक और जनप्रतिनिधियों ने किया सूर्य नमस्कार



**सिद्धिगंज।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ग्राम सिद्धिगंज में पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बालक बालिकाओं और ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकों द्वारा सूर्य नमस्कार किया। सूर्य नमस्कार रेडियो प्रसारण के माध्यम से किया गया वह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन सुना गया। रेडियों प्रसारण के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। वहीं शाला प्राचार्य गौरी शंकर वर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में बताया। और उनके बताए गए मार्गदर्शन पर चलने को बताया। वहीं सभी जनप्रतिनिधि एवं बालक बालिका एवं शिक्षकों द्वारा सूर्य नमस्कार के साथ दौड़ भी लगाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित संकुल प्राचार्य गौरी शंकर वर्मा, महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्धिगंज, राजेंद्र ठाकुर पटेल, महेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य, अरुण श्रीवास्तव, संतोष करोरिया, डॉ भगवान सिंह गुर्जर, गजराज सिंह राठौर, इलियास खान, राधेश्याम वर्मा, पीयूष मूंदड़ा, आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधिगण, छात्र-छात्राएं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।

### युवा दिवस पर खाचरोद में हुआ सूर्य नमस्कार का आयोजन



**खाचरोद** राष्ट्रीय युवा दिवस व स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शासकीय हाई स्कूल रोलागांव, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खामखेड़ा जत्रा, माध्यमिक शाला आवली खेड़ा, माध्यमिकशाला रामपुराकला, शासकीय हाई स्कूल नौगांव, मिडिल स्कूल खाचरोद आदी स्कूलों में योग दिवस का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में विद्यालय के छात्राओं ने शिक्षकों व पालकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रजवलित किया। तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्य महेश वर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर उद्बोधन कर छात्रों को संबोधित किया। इस मौके पर हाई सेकंडरी स्कूल खामखेड़ा जत्रा प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर, हाई स्कूल रोलागाव प्राचार्य महेश वर्मा, शिक्षक हरि सिंह पेरवाल, भारत महेश्वरी, कैलाश चंद्र रेकवाल, गंगाराम मालवी, राकेश सोलंकी, मृणाल मंजरी मिश्रा, अभय सिंह ठाकुर, लखन सिंह ठाकुर हेड मास्टर आवली खेड़ा, बद्री प्रसाद वर्मा, कृपाल सिंह ठाकुर हाई स्कूल प्राचार्य नौगांव, सौभाल सिंह जायसवाल मिडिल स्कूल नौगांव, बहादुर सिंह ठाकुर, दिनेश विश्वकर्मा मिडिल स्कूल रामपुराकला व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## वैष्णव बैरागी समाज ने मनाई जगतगुरु की जयंती, स्वामी रामानंदाचार्य ने राम भक्ति को जन-जन तक पहुंचाया : रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री वैष्णव बैरागी समाज विकास समिति ने अपने आराध्य जगतगुरू रामानंदाचार्य की जयंती स्थानीय गीतांजलि गार्डन में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई।

जयंती समारोह के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, वैष्णव बैरागी समाज संगठन भोपाल संभाग अध्यक्ष रघुवीर दास वैष्णव, सीहोर के पूर्व जिलाध्यक्ष पत्रकार के.जी. बैरागी, सेवा संघ जिला देवास जिला अध्यक्ष डॉ. राजेश बैरागी, महंत सिद्धूदास बैरागी, रामस्वरूप बैरागी, आचार्य पुनित तिवारी द्वारा पूज्य जगतगुरू रामानंदाचार्य जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात आयोजन समिति अध्यक्ष कमल बैरागी, संयोजक राकेश बैरागी, संरक्षक दुर्गादास बैरागी, तहसील अध्यक्ष राम दास बैरागी, नगर अध्यक्ष ब्रजमोहन बैरागी, संतोष बैरागी, रामचंद्र बैरागी, राहुल बैरागी, सोनू बैरागी, बालू बैरागी, विनोद बैरागी, आनंद बैरागी, सुनील बैरागी, लव-कुश बैरागी, रामदास बैरागी द्वारा मंचासीन अतिथियों का रामानंदाचार्य जी का चित्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। वहीं समाज के सेवा संघ युवा प्रकोष्ठ जिला देवास के अर्जुन बैरागी, महंत भवानीदास बैरागी, रामदास बैरागी, दिनेश बैरागी गनोरा, गणेशदास बैरागी, भागीरथदास बैरागी, डॉ. ओमप्रकाश बैरागी, रामनिवास बैरागी, रामभरोस बैरागी, परसराम बैरागी, राजेन्द्र बैरागी, आशीष बैरागी का भी स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रायसिंह मेवाड़ा ने उपस्थित समाजजनों को स्वामी रामानंदाचार्य जी की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैरागी समाज का इतिहास वैष्णव परंपरा से जुड़ा है, जो भक्ति मार्ग पर केंद्रित है और मुख्य रूप से भगवान विष्णु के उपासक हैं, इन्हें वैष्णव ब्राह्मण भी कहते हैं और इनका उद्भव मुगल काल में सनातन धर्म की रक्षा के लिए हुआ।

कार्यक्रम को अन्य मंचासीन अतिथियों द्वारा भी संबोधित किया गया। तत्पश्चात जगतगुरू रामानंदाचार्य की आरती की। जयंती के अवसर पर समारोह में उपस्थित महिला मंडल की जूली वैष्णव, सीमा बैरागी, सविता बैरागी, रेखा बैरागी, राजकुमारी बैरागी, प्रज्ञा बैरागी, विनीता बैरागी, ज्योति बैरागी, शीला बैरागी गिरजा बैरागी का अतिथियों द्वारा समाज में सक्रिय भूमिका निभाने पर बहुमान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बैरागी समाज के महिला व पुरूषगण मौजूद थे। संचालन कमल बैरागी ने किया।

## हिंदू सम्मेलन में ग्रामीणों ने किया समरसता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर में हिन्दू समाज की एकजुटता, सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से नगर में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान लोग बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग एकजुट हुए। सम्मेलन से पूर्व नगर में चल समारोह भी निकाला। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में त्यागी आश्रम महंत उद्धावदास महाराज, संत डॉ अवधेषपुरी महाराज, संत उत्तमदास महाराज, महिला वक्ता ज्योषिचार्य डॉ विद्यापुरी, देवलाखन धाम के मांगीलाल पडियार, मणिशंकर दूबे, मुख्य वक्ता जिला प्रचारण शास्वत सक्सेना, बाबूसिंह ठाकुर सहित वरिष्ठ जन मंचासीन रहे।

आयोजन समिति के राजू भावसार, जितेन्द्र ठाकुर, विरेन्द्र ठाकुर, जयश जोशी सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक शाश्वत सक्सेना ने कहाकि एक संगठित हिंदू समाज ही समर्थ और सक्षम भारत का निर्माण कर सकता है। उन्होंने देश के गौरवशाली सांस्कृतिक मूल्यों को सहेज कर रखने को प्रत्येक समाजजन का दायित्व बताया। यह भी कहाकि प्रकृति की पूजा करने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिंदू समाज का अभिन्न अंग है। प्रमुख वक्ता अवधेषपुरी महाराज ने कहा कि हिंदुओं की एकता से ही देश ही नहीं, बल्कि विश्व में भी शांति संभव है। और बताया कि जब-जब हिंदुत्व कमजोर हुआ, तब-तब अनेक समस्याएं सामने आईं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों के राष्ट्रहित और सेवा कार्यों पर भी प्रकाश डाला, जो हिंदू समाज को एकजुट करने के लिए समर्पित है। महिला वक्ता ज्योषिचार्य डॉ श्रीमति विद्यापुरी जी ने कुटुंब व्यवस्था, सांस्कृतिक परंपराओं के पालन और तीर्थ दर्शन के महत्व पर विस्तार से बात की। नगर में हिन्दु सम्मेलन को लेकर शोभायात्रा नगर के अन्नपुर्णा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई जिसमें डीजे, बैण्ड नगाडे के साथ नगर कि बालिकाओ द्वारा अखाड़े का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा का नगर के सभी सामाजिक संगठनो ने स्वागत किया।

नगर में आयोजित हुए सम्मेलन में भारत माता पूजन एवं आरती, गो पूजन, शास्त्र पूजन, कलश यात्रा, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रम हुए। इसके साथ ही गणेश-सरस्वती वंदना पर नृत्य और पंच परिवर्तन पर नाटिका जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। बमुलिया रायमल, खजुरिया, अरोलिया, टोलकाखेडा, परोलिया, शेखुखेडा, मालीपुरा से भी बडी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी स्थानों पर सहभोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय संत, मातृ शक्तियां, समाजसेवी और अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र में विराजमान हैं मुनिश्री

## समता और मैत्री से होगा आत्मकल्याणः विश्वसूर्य सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने आशीष वचनों में कहा कि आज समाज में लोगों की भावनाओं में भिन्नता बढ़ती जा रही है,जबकि आवश्यकता है कि प्राणी मात्र के प्रति एक समान भाव और मैत्री भाव रखा जाए। भेदभाव की दृष्टि व्यक्ति के पतन का कारण बनती है। जब मन में द्वेष और वैर के भाव होते हैं, तब न तो ध्यान संभव है और न ही भावों में निर्मलता आ सकती है।

मुनिश्री ने कहा कि अपने अनादर या अपमान का बदला लेने के गलत भाव मन में आते हैं, जिससे व्यक्ति सही मन से ध्यान भी नहीं कर पाता। उन्होंने आम्नायवाद, परंपरावाद, पंथवाद और संतवाद से दूर रहने की सीख देते हुए कहा कि आज का व्यक्ति इन्हीं उलझनों में फंसा हुआ है। जगत के दिखावे, धन और वैभव से दूर हुए बिना आत्मकल्याण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कर्मों से मुक्ति चाहते हो तो संबंधों के मोह से दूर होना होगा। आज व्यक्ति वही चाहता है जिससे राग बढ़े। लोग दिखावे के लिए प्रभु के चरणों में जाते हैं, भगवान से कर्मों की ही कामना करते हैं और फिर उन्हीं कर्मों से मुक्ति की बात भी करते हैं। कड़वी बातें और कड़वी दवा व्यक्ति को अच्छी नहीं लगतीं, जबकि वही रोग को दूर करती हैं।

संसार के सुख मांगते रहोगे तो मोह कैसे छूटेगा।मुनिश्री ने स्पष्ट कहा कि मायाचारी प्रवृत्ति में फंसे रहने से सुख की प्राप्ति नहीं हो सकती। मोक्षमार्ग पर चलने के लिए जगत के सभी संबंधों से विरक्ति आवश्यक है। संबंध ही बंधन कराते हैं और जब तक बंधन रहता है, तब तक संसार बढ़ता ही जाता है। पूर्व के कर्म तो बंधे हुए हैं, ऊपर से नए कर्म बांधकर व्यक्ति अपनी दुर्दशा स्वयं कर रहा है। उन्होंने कहा साधु कर्मों से मुक्त होने के लिए बनना पड़ता है, केवल वेश धारण करने से कर्म नहीं कटते। कर्मों के क्षय के लिए धर्म, ध्यान और पुण्य की आराधना आवश्यक है। साधु राग और मोह से मुक्त होने के लिए बनते हैं, न कि उनमें लिप्त होने के लिए। संबंधों से मुक्त होने और कर्मों का क्षय करने के लिए साधु बनकर ध्यान करना पड़ता है। मुनिश्री ने कहा केवल पिच्छी और कमंडल धारण कर लेने से साधु नहीं बनते। साधुभेष दिखावे के लिए नहीं, बल्कि धर्म और ध्यान की सच्ची आराधना के लिए होता है। भेष धारण करने मात्र से न भगवान बना जा सकता है और न ही अच्छा इंसान। समता रूपी जल का उपयोग कर राग से बचना होगा, तभी आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।

## बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता जागरुकता के लिए स्वच्छ वार्ता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर रायसिंह मेवाड़ा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति के निर्देशन में स्वच्छता नोडल अधिकारी आदित्य तलनीकर, स्वच्छता पर्यवेक्षक विनोद सांगते तथा सफाई दरोगा पप्पू खरे के नेतृत्व में नगर पालिका की सहयोगी संस्था यूनिक वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता जागरूकता हेतु स्वच्छ वार्ता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर यूनिक वेस्ट मैनेजमेंट के प्रतिनिधि राजकुमार अकेला ने बस स्टैंड संचालक एवं स्टैंड कंडक्टर नसीर भाई, अन्नू भाई, भादर दादा सहित अन्य कर्मचारियों के साथ चर्चा कर बस स्टैंड परिसर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वच्छ वार्ता का मुख्य उद्देश्य बस स्टैंड पर प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों यात्रियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना रहा।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे बस स्टैंड परिसर को स्वच्छ रखने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे, सभी बसों में डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा यात्रियों से अपील करेंगे कि खाद्य सामग्री के उपयोग से निकलने वाले अपशिष्ट को डस्टबिन में डालकर परिसर को स्वच्छ बनाए रखें।उल्लेखनीय है कि यह अभियान स्वच्छ सर्वेक्षण 2025, 26 में आष्टा नगर को कूड़ा मुक्त शहर बनाने के लक्ष्य को लेकर निरंतर संचालित किया जा रहा है।